**प्रेस-विज्ञप्ति** **26.01.2025**

आज 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के परिसर में कानपुर नगर के माननीय सांसद श्री रमेश अवस्थी जी द्वारा झंडा फहराया गया। झंडारोहण के पश्चात उपस्थित समस्त सदस्यों ने राष्ट्रगान "जन गण मन...." एक शंखनाद में गाकर देश के गौरवशाली इतिहास एवं समस्त जनों को अभिमानित करने वाले जनों के मानस पटल में जीवन्त एवं ऐतिहासिक पुरोधाओ को नमन कर देश के सर्वहित हेतु मंगल कामना की।

माननीय सांसद श्री रमेश अवस्थी जी ने भारत माता की जय बोलकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को प्रणाम करते हुए उपस्थित समस्त गणमान्य को आभार व्यक्त किया और कहा कि वह चैम्बर के समस्त सदस्यों को सहृदय धन्यवाद व्यक्त करता हूँ  कि उन्हें चैम्बर द्वारा भारत के सर्व सम्मानित ध्वज को फहराने का कार्यभार सौंपा गया।

माननीय श्री रमेश अवस्थी जी ने बताया की अगले तीन माह में नगर के विकास से सम्बंधित निम्न योजनाए धरातल पर दिखाई देंगी :

1. मंधना से अनवरगंज तक एलिवेटेड ट्रेन ट्रैक;
2. कानपुर से दिल्ली सुबह की फ्लाइट;
3. जरीब चौकी क्रासिंग पर फ्लाईओवर;
4. कानपुर लखनऊ एक्सप्रेसवे;

गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर मर्चेंट चैंबर ऑफ़ उत्तर प्रदेश ने अपने प्रांगण में दिल्ली के कर्तव्य पथ पर चल रही देश की अखंडता, विविधता में एकता तथा सैन्य ताकत की झलक दिखाने वाली परेड के सजीव प्रसारण की व्यवस्था बड़े पर्दे पर की थी जिसका चैम्बर के सदस्यों ने गौरवानुभूति करते हुए भाव विभोर होकर आनंद लिया।

इस अवसर पर मर्चेंट चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अतुल कानोडिआ, कौंसिल सदस्य विजय पांडे, आशीष चौहान, सुशील शर्मा चैम्बर के सदस्य योगेश दुबे, मनीष कटारिया, शेष नारायण त्रिवेदी, यतीन्द्र शुक्ल, स्वतंत्र सिंह, अक्षय गुप्ता, डॉ जय प्रकाश, उमेश पांडे, धीरज चुग, चैम्बर के सचिव श्री महेंद्र नाथ मोदी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।